# नाले के गंदे पानी से उगाई जा रही सब्जियां, स्वास्थ्य पर मंडरा रहा खतरा

▸ देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में सामने आई चिंताजनक तस्वीर

**शैलेन्द्र कश्यप**

**इंदौर. इंदौर शहर, जो स्वच्छता के लिए देशभर में कई बार अव्वल रह चुका है, वहीं अब एक चिंताजनक तस्वीर सामने आई है. शहर के कबीट खेड़ी क्षेत्र में बहने वाले नाले के किनारे गंदे और केमिकलयुक्त पानी से सब्जियों और फसलों की खेती की जा रही है. यह स्थिति न केवल स्वच्छता अभियान पर सवाल खड़े करती है, बल्कि आम लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बनती जा रही है.**



ऐसे ही गंदा पानी जो कि नर्मदा लाइन में मिलकर लोगों के घरों तक पहुंचा था उसे इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में त्राहि मच गई थी और कई लोगों की जान तक चली गई थी यह मामला प्रदेश ही नहीं पूरे देश में गूंजा था. इधर, नाले के किनारे हरी सब्जियां और अन्य फसलें उगाई जा रही हैं. इन फसलों की सिंचाई के लिए स्वच्छ पानी के बजाय नाले में बह रहे दूषित पानी का उपयोग किया जा रहा है. इसके लिए नदी के पास बड़ी मोटर लगाई गई है, जिससे नाले का पानी सीधे खेतों तक पहुंचाया जाता है. यहीं सब्जियां और फसलें उगाई जा रही है और शहर के बाजारों में बेची जाती हैं

### अधिकारी नहीं करते ठोस कार्रवाई

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम के अधिकारियों का इस क्षेत्र में नियमित आना-जाना होता है, लेकिन इसके बावजूद नाले के पानी से हो रही खेती पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है. यह लापरवाही कई सवाल खड़े करती है कि आखिर जिम्मेदार विभाग इस गंभीर मुद्दे को नजरअंदाज क्यों कर रहे हैं.

### बीमारियां फैलने का खतरा



डॉ. अशोक यादव के अनुसार, केमिकलयुक्त गंदे पानी से उगाई गई सब्जियां स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हो सकती हैं. इससे लोगों में कई तरह की बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर बच्चों के लिए यह और भी जोखिमभरा है. डॉ यादव ने बताया कि इस गंदे पानी के बैक्टीरिया सब्जियों में भी पहुंच जाते हैं जिससे पेट दर्द, दस्त, पेट में इन्फेक्शन जैसी बीमारियां होती हैं. वहीं गंदे नालों में बह रहे फैक्ट्री से निकलने वाले पोल्यूटेड वॉटर जिसमें टॉक्सिक पदार्थ मिले होते हैं इनसे खतरनाक बीमारी, स्किन डिजीज, बालों का झड़ना और पेट संबंधित बीमारियां होती है. प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत जांच कर और ऐसी खेती पर रोक लगाए, ताकि शहर की स्वच्छता के साथ-साथ नागरिकों के स्वास्थ्य की भी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके.

## एक नजर में

### भाभी जी घर पर हैं का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर जी5 पर

इंदौर. इंतजार की घड़ियाँ खत्म हुई. अपनी मजेदार कहानी और यादों के साथ सिनेमाघरों में दर्शकों को गुदगुदाने के बाद भाभी जी घर पर हैं – फन ऑन द रन की स्ट्रीमिंग अब ज़ी 5 पर हो रही है. यह कॉमेडी-ड्रामा फरवरी में सिनेमाघरों में रिलीज़ किया गया था, जिसमें आपके चहेते किरदारों की अफरा-तफरी और मनोरंजक एडवेंचर ने दर्शकों को खूब हँसाया. इस फिल्म के निर्देशक शशांक बाली हैं और इसमें भाभी जी घर पर हैं नाटक के ओरिज़नल किरदारों को लिया गया है, जिनमें आसिफ शेख, रोहिताश्व गौर, शुभांगी अत्रे, और विदिशा श्रीवास्तव के साथ मुकेश तिवारी और रवि किशन ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं. लंबे समय तक टीवी पर सफल रहे शो भाभी जी घर पर हैं को एक पूरी फिल्म के रूप में परिवर्तित करके इस मूवी में आसिफ शेख और रोहिताश्व गौर को दर्शकों के सामने एक बार फिर क्रमश: विभूति नारायण मिश्रा और मनमोहन तिवारी के रूप में पेश किया गया है. वो अपने लोकप्रिय ऑन-स्क्रीन व्यक्तित्व के अनुरूप एक बार फिर एक दूसरे की पत्नियों के करीब आने के लिए हास्यपूर्ण योजनाएं और अपने ट्रेडमार्क बहाने बनाते तथा मजेदार तिकड़में लगाते हुए नजर आएंगे.

### जी5 ने 'सतरंगी : बदले का खेल' की घोषणा की

इंदौर. हिंदी ज़ी5 एक नई दमदार और भावनात्मक रूप से गहन प्रतिशोध पर आधारित ड्रामा सीरीज़ सतरंगी- बदले का खेल लेकर आ रहा है. उत्तर प्रदेश के ग्रामीण परिवेश की मुश्किल और संवेदनशील पृष्ठभूमि पर आधारित यह कहानी दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाती है, जहाँ परंपराओं का गहरा प्रभाव है, लोगों की पहचान बार-बार परखी जाती है, और हर शांत पल के भीतर बदले की आग सुलगती रहती है. इस शो में अंशुमान पुष्कर, महवश, कुमुद मिश्रा, उपेन चौहान, सद्दाम सोफिया हुसैन, अतुल कुसुम संजय, बी. शांतनु और आमिर खान सहित कई शानदार कलाकारों की मजबूत टीम नजर आएगी। शो के बारे में कावेरी दास, बिज़नेस हेड- हिंदी ज़ी5 और चीफ़ चैनल ऑफिसर एंड टीवी ने कहा हिंदी ज़ी5 में, हमारा मानना है कि सबसे प्रभावशाली कहानियाँ स्थानीय संस्कृतियों के दिल से निकलती हैं, जहाँ पहचान, परंपरा और वास्तविक जीवन की परिस्थितियाँ बेहद व्यक्तिगत तरीकों से जुड़ती हैं. सतरंगी – बदले का खेल के साथ, हम एक ऐसी कहानी की ओर आकर्षित हुए जिसकी जड़ें ग्रामीण उत्तर प्रदेश की मिट्टी में गहरी जमी हैं, फिर भी यह गरिमा, सामाजिक ऊँच-नीच और जुझारूपन जैसे विषयों पर एक नया और बेबाक नज़रिया पेश करती है.

### एलजी ने हासिल की 10 लाख से अधिक एसी की बिक्री

इंदौर. एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने आज 2026 की पहली तिमाही में 10 लाख से अधिक एयर कंडीशनर की बिक्री की घोषणा की. यह ऐतिहासिक उपलब्धि भारत में कंपनी के इतिहास में गर्मी के मौसम की सबसे तेज़ और सबसे मजबूत शुरुआत है. इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बात करते हुए, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर होंग जू जियोन ने कहा एक ही तिमाही में 10 लाख एसी की बिक्री का आंकड़ा पार करना केवल एक व्यावसायिक माइलस्टोन नहीं है – यह उस भरोसे का एक शक्तिशाली प्रमाण है जो लाखों ग्राहक हर दिन एलजी पर रखते हैं. भारत वैश्विक स्तर पर एलजी के सबसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है, और यह परिणाम हमारेग्राहकों, हमारे भागीदारों और भारत के सतत विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की गहराई को दर्शाता है. एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के डायरेक्टर और को-चीफ सेल्स एंड मार्केटिंग ऑफिसर संजय चितकारा ने कहा इस गति को आगे बढ़ाते हुए, हम घरेलू और वैश्विकग्राहकोंके लिए तैयार किए गए उन्नत, ऊर्जा-कुशल कूलिंग समाधान प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं.

### नि :शुल्क व्यक्तित्व विकास केंद्र की कक्षाओं का शुभारंभ



इंदौर. कनाडिया रोड स्थित बुराना खेडी में पुष्पा पिसोलकर पारमार्थिक फाउंडेशन की ओर से व्यक्तित्व विकास की निशुल्क कक्षाओं का शुभारंभ मंत्री तुलसी सिलावट के मुख्य आतिथ्य एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रतीक श्रीवास्तव के विशेष आतिथ्य में किया गया. प्रो श्रीवास्तव ने कहा कि ग्रामीण युवाओं में आत्मविश्वास और व्यक्तित्व निर्माण के लिए इस तरह की पहल अत्यंत आवश्यक है. श्री सिलावट ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों और युवाओं को नई दिशा प्रदान करेंगे. प्रारम्भ में फाउंडेशन के संचालक आरके काबरा, प्राचार्य अरुण मित्तल एवं अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया. फाउंडेशन के प्रमुख आर के काबरा ने बताया कि इस केंद्र पर मनोवैज्ञानिक तरुणा अग्रवाल द्वारा व्यक्तित्व विकास की कक्षाओं का संचालन किया जाएगा.

### रियलमी ने पेश किया रियलमी 16 5जी

इंदौर. रियलमी ने आज रियलमी 16 5जी पेश किया। यह नई जनरेशन के युवा यूज़र्स के लिए बनाया गया है, जो अपनी क्रिएटिविटी, पोर्ट्रेट फोटोग्राफी के साथ रोजमर्रा की विज़्युअल स्टोरीटैलिंग प्रदर्शित करना चाहते हैं. इसमें ए.आई आधारित ड्युअल 50 मेगापिक्सल का पोर्ट्रेट कैमरा और जबरदस्त सेल्फी इनोवेशन दिए गए हैं. साथ ही 7,000 एम.ए.एच की शक्तिशाली बैटरी के बावजूद अल्ट्रा-लाईट रियलमी 16 5जी मिड-रेंज का सबसे बेहतर स्मार्टफोन है. रियलमी इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, फ्रैंसिस वोंग ने कहा स्मार्टफोन उद्योग में मूल्य रीसेट हो रहे हैं. यूज़र्स हर मूल्य वर्ग में बेहतर फीचर्स चाहते हैं। रियलमी 16 5जी लॉन्च करने का उद्देश्य उनकी इन अपेक्षाओं को पूरा करना है। इस स्मार्टफोन में हमने कई इनोवेशन, जैसे उद्योग का पहला सेल्फी मिरर और 7,000 एम.ए.एच की दमदार बैटरी के साथ स्लिम और दैनिक उपयोगिता का डिज़ाईन दिया है. हमने न केवल इनोवेशन पेश किया है, बल्कि एक विश्वसनीय और दीर्घकालिक अनुभव भी पेश किया है, जो भारत में स्मार्टफोन खरीदने और इस्तेमाल करने के तरीके के अनुरूप है. एआईएमआरए इंडिया के फाउंडिंग चेयरमैन, कैलाश लखयानी ने कहा कि रियलमी लगातार ऐसे उत्पाद पेश कर रहा है, जो बाजार की अपेक्षाओं के अनुरूप हैं.

### शाओमी ने रेडमी नोट 15 स्पेशल एडीशन लॉन्च किया

इंदौर. शाओमी इंडिया ने आज रेडमी नोट 15 स्पेशल एडीशन के लॉन्च की घोषणा की. यह एक ऐसा स्मार्टफ़ोन है जो बेहतरीन डिज़ाइन, शानदार विज़ुअल्स और स्मार्ट फ़ीचर्स को एक ऐसे फॉर्म फैक्टर में एक साथ लाता है जो यूज़र्स के जीने, कुछ नया बनाने और जुड़े रहने के तरीके के हिसाब से बनाया गया है. इसे मनोरंजन, बातचीत और रोज़मर्रा के कामों में एक बेहतरीन अनुभव देने के लिए खास तौर पर डिज़ाइन किया गया है. रेडमी नोट 15 स्पेशल एडीशन में 6.77-इंच का कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले है, जिसका एफएचडी+ रिज़ॉल्यूशन और 120हर्ट्ज तक का रिफ्रेश रेट है. यह ब्राउज़िंग, स्ट्रीमिंग और गेमिंग के दौरान स्मूथ विज़ुअल्स सुनिश्चित करता है. इसकी मोटाई सिर्फ़ 7.35मिमी (मिलीमीटर) मोटाई के साथ होती है और वज़न लगभग 178 ग्राम है. 4एनएम प्रोसेस पर बने स्नैपड्रैगन0 6 जेन 3 मोबाइल प्लेटफ़ॉर्म से चलने वाला यह डिवाइस मल्टीटास्किंग, कंटेंट देखने और गेमिंग के दौरान दमदार और भरोसेमंद परफ़ॉर्मेंस देता है. इस स्मार्टफ़ोन में 50 एमपी एआई डुअल रियर कैमरा सिस्टम और 20 एमपी एआई फ़्रंट कैमरा है, जिन्हें स्पष्ट और बैलेंस्ड तस्वीरें खींचने के लिए बनाया गया है.

## भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का दौरा अचानक क्यों हुआ निरस्त..?

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** पिछले दिनों भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का इंदौर दौरा बीच में ही निरस्त हो गया था. राजनीतिक हलकों में इसकी बहुत ज्यादा चर्चाएं चल रही है. इसका कारण यह बताया जा रहा है कि प्रदेश महामंत्री और नगर अध्यक्ष को लेकर कुछ 'बातें' तय हो गई थी. इसकी शिकायत विधायक गौड़, मेंदोला गुट ने सीधे प्रदेश अध्यक्ष से कर दी थी।

आम कार्यकर्ता की जगह धनपतियों और प्रभावशाली पिता के बच्चों को पद और प्रतिष्ठा सौंपने को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म रहने लगा है. ताजा मामला भाजयुमो के कार्यकारिणी में पद हासिल करने का चर्चा में है. बताया जाता है कि भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष का प्रथम नगर आगमन इसलिए निरस्त हुआ है कि उनके सामने विभिन्न तरह के प्रस्ताव रखने की योजना बनाई गई थी. मगर कतिपय खासकर धनपतियों का शहर के विधायकों और वरिष्ठ नेताओं ने रायता ढोल दिया. इसी का परिणाम है कि प्रदेश कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष, महामंत्री, और मंत्री बनने के सपने देख रहे थे, उनके मंसूबों पर पानी फिर गया और कोई तीसरा ही विवेक शर्मा नामक युवा बाजी मार गया.

यह बात अलग है कि कैलाश विजयवर्गीय ने शर्मा के लिए अपने वीटो का इस्तेमाल किया. अब भी कुछ धनपति युवा नगर अध्यक्ष बनने की जुगाड में लगे हैं. लेकिन अब हेमंत खंडेलवाल और संगठन प्रभारी ने भाजपा के कुछ गुटों द्वारा की गई शिकायत पर तवज्जो दी है.

## इंदौर से खाटू श्याम धाम के लिए साप्ताहिक विशेष ट्रेन शुरू

▸ सांसद के प्रयासों से श्रद्धालुओं को मिला सीधा और आसान सफर

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर. इंदौर से खाटू श्याम (रींगस) जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए बड़ी सुविधा की शुरुआत हुई है. अब इंदौर से खाटू धाम के लिए साप्ताहिक विशेष रेल सेवा प्रारंभ कर दी गई है.**

इस अवसर पर इंदौर के सांसद शंकर लालवानी ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया. इस नई रेल सेवा के शुरू होने से इंदौर और आसपास के क्षेत्रों के भक्तों को अब खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए सीधी और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध हो गई है. पहले जहां यात्रियों को समय और असुविधा का सामना करना पड़ता था,



वहीं अब सफर अधिक सरल और आरामदायक हो गया है. कार्यक्रम में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, पार्षद कमल वगेला, बाबा यादव सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. सभी ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया.

**श्रद्धालुओं के लिए बड़ी सौगात**- यह विशेष रेल सेवा इंदौर क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगी, जिससे उनकी धार्मिक यात्रा अब अधिक सहज, सुरक्षित और सुखद बन सकेगी.

### धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि यह सेवा खाटू श्याम जी के भक्तों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करती है. उन्होंने कहा कि इससे न केवल श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी, बल्कि धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा. इस पहल के लिए नरेन्द्र मोदी और अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया गया.

**कनेक्टिविटी सुधारने पर जोर** -सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि इंदौर की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को बेहतर और सुविधाजनक यात्रा सुविधाएं मिल सकें.

## आयुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

▸ दो सीएसआई की विभागीय जांच के आदेश

▸ स्वास्थ्य अधिकारी का वेतन काटने के निर्देश

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. निगम आयुक्त ने आज शहर विभिन्न क्षेत्रों में सफाई कार्य का दौरा कर मौका निरीक्षण किया. इस दौरान आयुक्त ने दो सीएसआई की विभागीय जांच के आदेश दिए. वहीं स्वास्थ अधिकारी का 3 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए.**



निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल आज सुबह झोन 2 एवं 12 के विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था का मौका निरीक्षण किया. आयुक्त ने मधु मिलन चौराहा, गणगौर घाट, मुंबई बाजार, मच्छी बाजार, चंद्रभागा पुल व, राज मोहल्ला, जिंसी चौराहे का दौरा कर सफाई व्यवस्था की स्थिति देखी. आयुक्त ने मुंबई बाजार में सफाई कार्य ठीक नहीं होने पर क्षेत्रीय दरोगा को फटकार लगाई. साथ ही सफाई सुचारू रूप से करने कर निर्देश दिए. इसके बाद चंद्र भागा पुल के पास पिछली रात में सार्वजनिक कार्यक्रम का कचरा, गंदगी नाले किनारे डालने पर संबंधित पर चालानी कार्रवाई करने के आदेश दिए. आयुक्त ने झोन क्रमांक 02 एवं 12 के सीएसआई की विभागीय जांच लगने निर्देश दिए. उक्त दोनों झोन के सीएसआई द्वारा सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं करने पर कार्रवाई की गई है. साथ ही स्वास्थ अधिकारी का 3 दिवस का वेतन काटने के भी आदेश दिए.

आयुक्त के कंडीलपुरा, जिंसी इतवारिया सब्जी मंडी में सफाई व्यवस्था देखने के बाद दुकानों के बाहर डस्टबिन नहीं लगा होने पर क्षेत्रीय दरोगा का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए.

## सरकारी स्कूलों में आज कई अधिकारी पढ़ाएंगे

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. आज शहर के स्कूलों में कई प्रशासनिक अधिकारी बच्चों को पढ़ाएंगे. नए शिक्षण सत्र शुरू होने और 1 से 4 अप्रैल तक स्कूल चलें हम अभियान के तहत प्रदेश सरकार के आदेश पर अधिकारियों को उक्त जिमेदारी सौंपी गई है.**

नए शिक्षण सत्र की शुरुआत हो चुकी है. इसके तहत राज्य सरकार द्वारा बच्चों को पढ़ाई के लिए स्कूल चले अभियान चलाया जा रहा है. उक्त अभियान में कलेक्टर शिवम वर्मा सुबह 10 बजे शासकीय अहिल्या आश्रम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 में बच्चों को पढ़ाएंगे. प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 4 अप्रैल को भविष्य से भेंट कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ अधिकारियों को बच्चों को कलेक्टर, निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन, इंदौर विकास प्राधिकरण सीईओ डॉ परीक्षित झाड़े, निगम अपर आयुक्त आकाश सिंह, अर्थ जैन, प्रखर सिंह, आशीष पाठक सहित सभी बड़े अधिकारी, एडीएम एसडीएम तहसीलदार नायब तहसीलदार सरकारी स्कूलों में बच्चों की कक्षा लेंगे. इस दौरान कलेक्टर शिवम वर्मा सहित सभी अधिकारी अपने जीवन की शिक्षा कार्य अनुभव भी बच्चों के साथ साझा करेंगे. बच्चों को यह भी बताएंगे कि उन्होंने किस तरह से स्वयं शिक्षा प्रारंभ कर देश की सर्वोच्च परीक्षा यूपीएससी और एमपी पीएससी को पास किया.

## इंदौर में नए एलपीजी गैस कनेक्शन पर रोक

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर.** शहर में नए एलपीजी गैस कनेक्शन लेने की योजना बना रहे उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण खबर है. खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने नए गैस कनेक्शन जारी करने की प्रक्रिया पर अस्थायी रोक लगा दी है. इस दौरान संबंधित ऑनलाइन पोर्टल भी बंद रहेगा, जिससे किसी भी प्रकार का नया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा.

खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी मोहनलाल मारू ने बताया कि इस अवधि में न केवल नए गैस कनेक्शन जारी नहीं किए जाएंगे, बल्कि नए कनेक्शन की ई-केवाईसी की प्रक्रिया भी पूरी तरह से स्थगित रहेगी. विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस अवधि में अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाएं और पोर्टल के दोबारा शुरू होने की आधिकारिक सूचना का इंतजार करें.

## टैक्स को लेकर यशवंत क्लब और निगम आमने-सामने

▸ निगम आयुक्त और एआरओ को हाईकोर्ट से नोटिस

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** नगर निगम और यशवंत क्लब संपत्तिकर को लेकर आमने-सामने हो गए हैं. क्लब पर ढोल पिटवाने और मुनादी करने के खिलाफ क्लब ने याचिका दायर की. याचिका की सुनवाई करते हुए निगम आयुक्त और एआरओ को नोटिस जारी किया है.

नगर निगम को यशवंत क्लब पर 2.64 करोड़ रुपए संपत्तिकर वसूली को लेकर ढोल पिटवाना महंगा पड़ गया है.

### अवमानना याचिक दायर की

क्लब ने अपनी प्रतिष्ठा दांव पर लगाने का लेकर अवमानना याचिका दायर कर दी. हाईकोर्ट ने निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल और सहायक राजस्व अधिकारी प्रशांत पटेल के खिलाफ नोटिस जारी कर उपस्थित होने के निर्देश दिए है. वहीं नगर निगम ने भी याचिका में 2.64 करोड़ रुपए संपत्ति कर के बकाया होने के दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए मांग की है कि टैक्स बढ़ता जा रहा है.

क्लब ने प्रतिष्ठा खराब करने और हाई कोर्ट की अवमानना याचिका दायर कर दी है. क्लब द्वारा 1989 /2026 दायर याचिका पर हाईकोर्ट से निगम आयुक्त और एआरओ के खिलाफ नोटिस जारी किए हैं. दरअसल मामला यूं है कि नगर निगम और यशवंत क्लब में 2020 से संपत्ति कर की राशि को लेकर झगड़ा चल रहा है. निगम ने क्लब में नए निर्माण को लेकर नक्शा आवेदन स्वीकार नहीं किया और संपत्तिकर जमा करने का नोटिस दिया. निगम नक्शा विभाग का सॉफ्टवेयर संपत्ति कर राशि का नो ड्यूज होने पर ही आवेदन स्वीकार करता है. मामला हाईकोर्ट में गया और हाईकोर्ट ने 30 प्रतिशत राशि जमा करने और नक्शा मंजूर करने के आदेश 2023 में दिए थे. इसके बाद से नगर निगम और यशवंत क्लब के बीच टैक्स वसूली को मामला चल रहा है. नगर निगम द्वारा भी हाईकोर्ट में टैक्स बकाया होने को लेकर रिट याचिका दायर की गई है और उस पर सुनवाई चल रही है. इसी बीच 14 मार्च को बकाया होने पर ढोल पिटवा कर मुनादी की गई और नोटिस चस्पा करने के कार्रवाई कर दी गई.

**एक नजर में** ▸ **ब्रज की होली और टोरंटो एयर शो की है तस्वीरें**

## फोटो कला की अनूठी नुमाइश का शुभारंभ



**इंदौर.** शहर में कला प्रेमियों के लिए एक खास आकर्षण बनी फोटोग्राफी प्रदर्शनी का आज भव्य शुभारंभ हुआ. अहमदाबाद के प्रसिद्ध फोटोग्राफर मुकेश ठक्कर की तस्वीरों पर आधारित इस दोहरी प्रदर्शनी का उद्घाटन शहर के गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया.

प्रीतमलाल दुवा आर्ट गैलरी में आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन गुलशन यादव, तनवीर भाई, गुरुदास दुआ एवं डॉ. रमण यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में कला प्रेमी, फोटोग्राफी के शौकीन और शहरवासी उपस्थित रहे. प्रदर्शनी में दो अलग-अलग विषयों पर तस्वीरों को प्रदर्शित किया गया है. गैलरी की तल मंजिल पर 'बृज की होली' की रंग-बिरंगी एवं सांस्कृतिक छवियां दर्शकों को भारतीय परंपरा से रूबरू कराती हैं, वहीं पहली मंजिल पर 'टोरंटो एयर शो' की रोमांचक और तकनीकी कौशल से भरपूर तस्वीरें लोगों को आकर्षित कर रही हैं. 'टोरंटो एयर शो' सेक्शन में कनाडा में आयोजित एयर शो की तीन वर्षों की फोटोग्राफी में से चुनी गई 57 बेहतरीन तस्वीरें प्रदर्शित की गई हैं, जो दर्शकों को रोमांचक अनुभव प्रदान कर रही हैं.

## नाटकों के माध्यम से दिखाया सामाजिक मुद्दों को

▸ अप्रतिम नाट्य महोत्सव 2026 के नाटकों की प्रस्तुति

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर.** आईआईएसटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट्स द्वारा आयोजित अप्रतिम नाट्य महोत्सव 2026 के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय सभागसर में सात नाटकों की प्रस्तुतियाँ हुई. गर्मी के मौसम में भी नाट्य प्रेमियों का आगमन दोपहर से ही प्रारम्भ हो गया. महोत्सव के दूसरे दिन अलग-अलग भावनाओं और सामाजिक मुद्दों को उठाने वाले नाटकों की प्रस्तुतियां हुईं जिन्हें नाट्य प्रेमियों ने खूब सराहा.

प्रस्तुतियों अभिनयम ग्रुप ने मैं एक कलाकार हूँ, सिनेमा टेलर ने ज़हर, अदा रंग समूह ने चली राया फजीता (मालवी), अनवरत ने बादशाहत का खात्मा, वेल एंड वेल ने ब्रीफ़केस, रंगरुपिया ने भगवदज्जुकम और नटराज थिएटर ने एक्टर की मौत की प्रस्तुति दी. नाटकों की प्रस्तुति चार और पाँच अप्रैल को भी होगी. महोत्सव में प्रवेश नि:शुल्क है और सभी नाट्य प्रेमियों के लिए खुला है.



इंदौर की समृद्ध रंगमंचीय परंपरा को प्रोत्साहित करने और कला एवं संस्कृति के संवर्धन के उद्देश्य से आईआईएसटी ग्रुप ऑफ़ द्वारा आयोजित 4 दिवसीय अप्रतिम नाट्य महोत्सव 2026 (सीज़न-2) आयोजन किया जा रहा है जिसमे प्रदेश भर के 28 प्रतिष्ठित नाट्य समूह अपनी प्रस्तुतियाँ दे रहे हैं. नाट्य महोत्सव का शुभारम्भ पिछले सप्ताह अभिनेता शिवाजी साटम द्वारा किया गया था. इस चार दिवसीय नाट्य उत्सव में दर्शकों को विविध विषयों, शैलियों और सामाजिक सरोकारों पर आधारित नाटकों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियाँ देखने का अवसर मिलेगा.